निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण हेतु ई-प्रवेश पत्र

(i) भारत के महापंजीयक का कार्यालय, गृह मंत्रालय में सांख्यिकीय अन्वेषक (ग्रेड-I) के 17 पदों पर भर्ती [विज्ञापन सं. 11/2016, मद सं. 07, रिक्ति सं. 16061107425, प्रकाशन की तारीख 25.06.2016, जिसके अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 14.07.2016 को 23.59 बजे तक थी] और

(ii) भारत के महापंजीयक का कार्यालय, गृह मंत्रालय में सहायक निदेशक जनगणना प्रचालन (टी) के 42 पदों पर भर्ती [विज्ञापन सं. 04/2016, मद सं. 02, रिक्ति सं. 16020402427, प्रकाशन की तारीख 27.02.2016, जिसके अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 17.03.2016 को 23.59 बजे तक थी।]

<u>नोटिस</u>

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 21.01.2017 (शनिवार) को पूर्वाह्न सत्र में पूर्वाह्न 09.30 बजे से पूर्वाह्न 11.30 बजे तक देशभर में नौ केन्द्रों पर भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण का आयोजन करेगा। उम्मीदवारों द्वारा परीक्षण केन्द्र पर रिपोर्ट करने का समय पूर्वाह्न 8.00 बजे है। आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए कंप्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण हेतु ई-प्रवेश पत्र (अथवा अस्वीकृत किए गए आवेदन पत्रों के संबंध में आवेदन पत्र को अस्वीकृत किए जाने के कारण/आधार) अपनी वेबसाइट (http://www.upsc.gov.in) पर अपलोड किया है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट निकाल लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षण-स्थल पर भर्ती परीक्षण में प्रवेश लेने के लिए ई-प्रवेश पत्र के प्रिंट आउट को प्रस्तुत करना होगा। जिन उम्मीदवारों की फोटो ई-प्रवेश पत्र पर स्पष्ट रूप से मुद्रित नहीं है, वे भर्ती परीक्षण में प्रवेश के लिए अपनी फोटो पहचान का कोई मूल प्रमाण, जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र एवं परिवचन सहित अपने साथ पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ लाएं। इस भर्ती परीक्षण के लिए आयोग द्वारा कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें। किसी प्रकार की विसंगति के मामले में तत्काल आयोग को सूचित किया जाए, जिससे आयोग इस मामले में निर्णय ले सके । किसी प्रकार की कठिनाई आने पर उम्मीदवार संघ लोक सेवा आयोग के सुविधा केन्द्र की दूरभाष संख्या 011-23381125, 23385271 तथा 23098543 पर प्रात: 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सभी कार्य दिवसों को संपर्क कर सकते हैं ।